Seat No. : ______________

NF-137

November-2025

M.A., Sem.-III

501 : Hindi

(काव्यशास्त्र : सृजन और सौंदर्य)

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रश्न-पत्र का सही क्रम ही उत्तरबही में लिखें।

1. आचार्य भरत के 'रससूत्र' के अनुसार रस-निष्पत्ति की प्रक्रिया का विश्लेषण करते हुए इसमें विभाव, अनुभाव, स्थायी भाव और संचारी भाव के योगदान स्पष्ट कीजिए। **14**

अथवा

आचार्य शंकुक के अनुसार रस-निष्पत्ति के विषय में उनका मत क्या है ? इसे आचार्य भरत के रससूत्र को ध्यान में रखकर बताइए।

2. सृजन प्रक्रिया में कल्पना की भूमिका का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि कल्पना कैसे साहित्यिक रचना में नवीनता, सौंदर्य और अभिव्यक्ति की गहराई लाती है। **14**

अथवा

साहित्यिक रचना में प्रतिभा का महत्त्व बताते हुए यह सिद्ध कीजिए की "यह सृजन प्रक्रिया को कैसे प्रभावित करती है"।

3. काव्य में अलंकार को शोभाकारक तत्त्व क्यों माना गया है ? यह बताते हुए स्पष्ट कीजिए कि अलंकार पाठक पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं और काव्य की सुंदरता को कैसे बढ़ाते हैं। **14**

अथवा

काव्य बिंब क्या है ? इसकी प्रमुख विशेषताएँ उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4. इलियट के काव्य-भाषा संबंधी विचार आधुनिक काव्य-सिद्धांतों को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? समझाइए। **14**

अथवा

कुंतक के 'वक्रोक्तिजीवितम् ग्रंथ में काव्य-भाषा के कौन-कौन से स्तर वर्णित हैं ? चर्चा कीजिए।

5. योग्य विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : (किन्हीं **सात**) **14**

(1) भट्टनायक के अनुसार रस की अनुभूति में मुख्य तत्त्व कौन सा है ?

(a) प्रतीति (b) साधारणीकरण (c) व्यंजना (d) अनुकृति

(2) भट्ट लोल्लट ने निष्पत्ति का अर्थ माना है –

(a) उत्पत्ति (b) सादृश्य (c) विपत्ति (d) इनमें से कोई नहीं

(3) सृजन प्रक्रिया के संदर्भ में 'सहृदय' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(a) सुंदर हृदय वाला (b) समान हृदय वाला

(c) भावनाशून्य व्यक्ति (d) आलोचक

(4) काव्य-भाषा और काव्यात्मक भाषा में मुख्य समानता क्या है ?

(a) दोनों भावनाओं को व्यक्त करती हैं। (b) दोनों का प्रयोग केवल नाटकों में होता है।

(c) दोनों शुद्ध व्याकरण पर निर्भर हैं। (d) दोनों व्यावहारिक हैं।

(5) किस कवि ने कल्पना को ईश्वरीय शक्ति माना है ?

(a) प्लेटो (b) अरस्तू (c) कॉलरिज (d) इलियट

(6) माधुर्य, प्रसाद और ओज – ये किसके अंग हैं ?

(a) रस के (b) अलंकार के (c) गुण के (d) छंद के

(7) छंद का मुख्य कार्य क्या है ?

(a) काव्य को नियमबद्ध बनाना (b) काव्य का आलोचनात्मक विवेचन करना

(c) अर्थ को बदलना (d) शब्दों की पुनरावृत्ति करना

(8) आ. अभिनव गुप्त ने 'नाट्यशास्त्र' की टीका के रूप में कौन सा ग्रंथ लिखा ?

(a) अभिनव (b) भारत भारती (c) भारती टीका (d) अभिनव भारती

(9) 'विरेचन' शब्द का प्रयोग किसने किया है ?

(a) लोंजाइनस (b) फूको (c) अरस्तू (d) राजशेखर

(10) जब शब्द का मुख्य अर्थ छोड़कर अन्य अर्थ ग्रहण किया जाता है, तब कौन सी शक्ति कार्य करती है ?

(a) अभिधा (b) लक्षणा (c) व्यंजना (d) प्रतीक

(11) राजशेखर ने काव्य-भाषा को किस रूप में प्रस्तुत किया है ?

(a) वैदिक संस्कृत की भाषा (b) लौकिक संस्कृत की भाषा

(c) कवि की स्वतंत्र सृजनशील भाषा (d) केवल प्राकृत भाषा

(12) वर्ड्सवर्थ ने काव्य-भाषा को किस प्रकार की भाषा माना है ?

(a) कृत्रिम भाषा (b) अलंकारपूर्ण भाषा

(c) सामान्य मनुष्य की भाषा (d) दार्शनिक भाषा